# राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में अन्तर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के अंतर्गत योग खेल प्रतियोगिता का आयोजन

दिनांक 17 जून 2026 को राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के अवसर पर पंचकर्म ऑडिटोरियम में दोपहर 2 बजे से योग खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को तीन समूहों ग्रुप ए, ग्रुप बी एवं ग्रुप सी में विभाजित कर विभिन्न रोचक एवं ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

कार्यक्रम का सफल संचालन आकृति द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम चरण " योग पोज मेमोरी चैलेंज", द्वितीय चरण " योगा स्टैच्यु चैलेंज", तृतीय चरण "ब्लाइंड फोल्ड योग चैलेंज" तथा चतुर्थ चरण "योग पोज डम्ब चैरेद्स" का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी योग संबंधी जानकारी, स्मरण शक्ति, एकाग्रता एवं टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

